PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Mon, 12 Jun 2017, Page 2
Width: 17.41 cms, Height: 15.66 cms, a4, Ref: 31.2017-06-12.17

एनडीएमसी दीवारों पर उकेरेगी योग का संदेश

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद क्षेत्र की दीवारों से लोगों को योग का संदेश मिलेगा। लोगों को स्वस्थ जीवन शैली और योग अपनाने के लिए प्रेरित करने के मकसद से परिषद अपने क्षेत्र की दीवारों पर योग से जुड़ी चित्रकारी कराएगा।

ऐसा ही एक प्रयोग फिलहाल उमाशंकर दीक्षित मार्ग और शास्त्री भवन के सामने किया जा रहा है। दीवारों पर बनाए जाने वाले इन चित्रों के जरिए लोगों को योग के फायदे समझाए जाएंगे। एनडीएमसी सचिव चंचल यादव ने बताया कि क्षेत्र की मुख्य दीवारों पर इस तरह की चित्रकारी की जाएगी। इसमें पेशेवर चित्रकारों के साथ ही स्कूली छात्र भी हिस्सा ले रहे हैं।

एनडीएमसी सचिव ने बताया, 21 जून को योग दिवस पर परिषद द्वारा लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन और नेहरू पार्क में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए नियमित योग शिविर भी शुरू किए गए हैं।